


नवभारत
इंदौर, मंगलवार ,13 जनवरी, 2026


## एक नजर में

### रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य जी के समस्या मार्गदर्शन कार्यक्रम की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं



**बड़वाह, निप्र।** नरेंद्र महाराज संस्थान उपपीठ (ग्राम अली बुजुर्ग) में 13 जनवरी को आयोजित एक दिवसीय समस्या मार्गदर्शन कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपपीठ( अली बुजुर्ग )पहुँच चुके हैं।देशभर में आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता के कार्य कर रहे हैं।उपपीठ के सह-प्रमुख संजय बालापुरे ने बताया कि जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य जी, जो कि वैष्णव परंपरा के प्रमुख आध्यात्मिक गुरु हैं।वैष्णव संप्रदाय में भगवान विष्णु और श्रीराम को मानने वालों के आध्यात्मिक मार्गदर्शक को जगद्गुरु रामानंदाचार्य कहा जाता है। इसी परंपरा के वर्तमान जगद्गुरु के रूप में रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य जी देशभर में आध्यात्मिक, सामाजिक और पर्यावरणीय जागरूकता के कार्य कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि नरेंद्राचार्य के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र सहित देश के अनेक राज्यों में सेवा, धर्म-जागरण, अंधश्रद्धा उन्मूलन तथा मानव मूल्यों को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रकल्प निरंतर संचालित किए जा रहे हैं। संस्थान द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राम अली बुजुर्ग स्थित रामानंदाचार्य उपपीठ पर बीते पाँच वर्षों से माँ नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए भोजन, विश्राम, चाय-नाश्ता एवं आवास की सुविधा संस्थान द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे हजारों श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे है। जीवन को सुखी बनाने पर नि:शुल्क मार्गदर्शन देंगे 13 जनवरी को जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य स्वयं उपस्थित रहकर आमजन को उनकी समस्याओं के समाधान, अंधश्रद्धा से मुक्ति तथा भक्ति मार्ग के माध्यम से जीवन को सुखी बनाने पर नि:शुल्क मार्गदर्शन देंगे।संस्थान की ओर से सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### भगवान महामृत्युंजय की रथ यात्रा पारंपरिक रूप से निकली

**महेश्वर, निप्र।** रविवार का दिन भगवान महामृत्युंजय की रथ यात्रा के नाम रहा महालक्ष्मी नगर कॉलोनी के स्वाध्याय भवन से शुरू हुई भगवान महामृत्युंजय की रथ यात्रा बड़वाह-धामनोद मार्ग, जय स्तंभ चौराहा ,एमजी रोड ,गांधी चौक के साथ नर्मदा मार्ग होते हुए नर्मदा तट पर पहुंची। रथ पर भगवान महामृत्युंजय महादेव विराजित थे।जिनका नगर परिषद उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, महेश गहलोत ,विक्रम यादव के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत सत्कार करते हुए भगवान महामृत्युंजय की पूजा अर्चना की।सैकड़ों शिव भक्त भगवान महामृत्युंजय के रथ की रस्सी पड़कर खींचते हुए पुण्य लाभ ले रहे थे। वही नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार, नितिन मनोरे, अर्जुन ठाकुर ने भगवान महामृत्युंजय की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की भगवान महामृत्युंजय की रथ यात्रा का नगर के विभिन्न चौराहों पर धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक संस्था के पदाधिकारी द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए सत्कार किया गया।यात्रा का समापन नर्मदा तट पर शाम 6:00 बजे हुआ।इस दौरान भगवान महामृत्युंजय तथा मां नर्मदा की भव्य एवं विशाल काकड़ आरती की गई। रथ यात्रा में महेश्वर विधानसभा के विधायक राजकुमार मेव ,जितेंद्र केवट, मनोज पाटीदार, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल के साथ अन्य कई नगरवासी एवं शिव भक्तगण उपस्थित थे जो इंदौर की भजन मंडली के भजनों पर भगवान शिव की भक्ति में थिरकते हुए दिखाई दिए।



### जल, जंगल, जमीन व आदिवासियत बचाओ यात्रा का नगर कसरावद में भव्य स्वागत किया

**कसरावद, निप्र।** जल, जंगल,जमीन और आदिवासियत जनजागरण के संदेश के साथ 8 से 15 जनवरी तक आयोजित यात्रा सोमवार को नगर कसरावद में पहुंची। यह यात्रा पातालपानी महू, इंदौर से प्रारंभ होकर एकता परिषद महासम्मेलन स्थल चैनपुरा, नेपानगर, जिला बुरहानपुर तक निकली जा रही है यात्रा का नेतृत्व कैलाश राणा,रीना मौर्य,भारती जमरा,सुनील निंगवाल, सुमन पटेल, राहुल चौहान व सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है ब्लॉक कसरावद के ग्राम बडगांव सरपंच कृष्णा भूरिया के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया यात्रा में शामिल आदिवासी समाज के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन में जल, जंगल, जमीन के संरक्षण तथा समाज को एकजुट रखने का आवाह्न किया यात्रा से संबधित समस्त व्यवस्थाएं जनसहयोग से ही किया जा रहा है यह यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए रक्षा का संकल्प है यात्रा का स्वागत सर्व आदिवासी समाज कसरावद अध्यक्ष रंजीत सिंह मंडण्लोई, सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार मोहरे, एडवोकेट लखन भांवरें, आदिवासी छात्र संगठन संरक्षक सोमल चौहान, शंकर मेड़ा,सावन मुजाल्दे, राजेन्द्र वसुनिया, अरविंद भुरिया आदि समाज जन उपस्थित थे।



### नगर के प्रसिद्ध कवि शंकरलाल गुप्ता का शनिवार रात निधन हो गया



**बिस्टान, निप्र।** बिस्टान नगर के प्रसिद्ध कवि शंकरलाल गुप्ता का शनिवार रात निधन हो गया। अंतिम संस्कार रविवार को इंद्रावती नदी तट स्थित मुक्तिधाम पर किया गया ।शवयात्रा मैं समाजजनों व नगरवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी।

### निलंबित पटवारियों के समर्थन में उतरा प्रांतीय पटवारी संघ, दी आंदोलन की चेतावनी

**खरगोन, निप्र।** तहसील के ग्रामीण हल्के में पदस्थ दो पटवारियो को तथ्य छुपाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर एसडीएम ने निलंबित किया है।प्रांतीय पटवारी संघ के बैनर तले सोमवार को कलेक्टर कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए पटवारियों ने निलंबित पटवारियों का समर्थन करते हुए एसडीएम की कार्रवाई को अवैधानिक करार देते हुए निलंबन वापस करने की मांग की है।पटवारियों ने चेतावनी दी है कि यदि निलंबन वापस नही लिया जाता तो सामुहिक अवकाश सहित कलमबंद हड़ताल करेंगे। कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में संघ जिलाध्यक्ष धरम सोलंकी, सुनील पटेल, पवन यादव सहित अन्य पटवारियों ने बताया कि एसडीएम ने एक तरफा कार्रवाई करते हुए पटवारी अखयार खान पहनं 23, ग्राम फाजिलपुरा और पटवारी राजसिंह चौहान, पहनं 18 को दो प्रकरणों में तथ्य छिपाने के आरोप में निलंबित किया है। संघ ने आरोप लगाया कि कोई भी प्रकरण स्वीकृत या अस्वीकृत होता है तो उसकी जानकारी सर्वप्रथम तहसीलदार एवं उनके रीडर की रहती हैं।ऐसे में उनके द्वारा निरस्ती सम्बन्धी आदेश पटवारियों को न देकर तथ्यों को छुपाया गया है।दोनों ही प्रकरणों में रीडर एक ही व्यक्ति थे तथा ग्राम निमगुल के दोनों प्रकरणों में तहसीदार भी एक ही व्यक्ति थे। ऐसी स्थिति में केवल पटवारियों पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही पूर्णत: अनुचित व आधारहीन है। संघ ने 3 दिवस में निलंबन आदेश निरस्त करते हुए वास्तविक दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।



# राष्ट्रीय युवा दिवस पर शहर में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

## रैली को उत्कृष्ट स्कूल परिसर से विधायक पाटीदार की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**खरगोन, निप्र।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को शहर में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। स्वदेशी जागरण मंच के बैनर तले आयोजित इस दौड़ में स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह से हिस्सा लेकर न केवल अपने घर- परिवार बल्कि आसपड़ोसियों, रिश्तेदारों को भी स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित करने का संकलप लिया। रैली को उत्कृष्ट स्कूल परिसर से विधायक बालकृष्ण पाटीदार, मंच के जिला समन्वयक अनुप अग्रवाल, कलेक्टर भव्या मित्तल, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ रेखा राठौर की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मंच के नगर समन्वयक शुभम जायसवाल ने बताया रैली शहर के विभिन्न मार्गों से निकली, जिसमें विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाओ, देश बचाओ एवं स्वदेशी हमारी पहचान है.. का नारा लगाकर जनजागरण किया।रैली योजना एवं सांख्यिकी विभाग, जन अभियान परिषद, शिक्षा विभाग एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान निकाली गई। इसमें परिषद जिला समन्वयक विजय शर्मा, ब्लॉक समन्वयक मोनिका नामदेव, समाजसेवी किशोर रघुवंशी एवं खरगोन ब्लॉक के सभी मेंटर राजेश वर्मा, गुंजन गडकरी, मोनिका गुप्ता, दिव्या पंड्या आदि शामिल हुए।




## राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन

**भीकनगांव, निप्र।** भीकनगांव में केडीएसएस संस्था द्वारा संचालित सोल परियोजना के अंतर्गत आज राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान परियोजना समन्वयक सुशील फ्रांसिस ने युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया तथा युवाओं की भूमिका और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच अपनाने और समाज में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात आनंद विभाग से के.बी. मंसारे ने विभाग के उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने युवाओं को समझाया कि जो व्यवहार स्वयं को अच्छा लगे, वही व्यवहार अपने मित्रों, परिवार और समाज के साथ अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने जीवन को खुशी और सकारात्मकता के साथ जीने के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त किए। केडीएसएस संस्था के निदेशक फादर रॉबिंसन वर्गिस ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी विचार 'उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर लो' के माध्यम से युवाओं को लक्ष्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। वहीं फादर सूजिन ने भी युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वेलसन फार्मर फर्टिलाइज़र कंपनी से किशोर सोनी, मुकेश सोनी, शैलेंद्र मंडलोई आदि उपस्थित रहे, जिनके द्वारा 13 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने में परियोजना स्टाफ वीरेंद्र चौहान, लालसिंह पटेल, भैयालाल मेरान, दिलीप घोसले, दिग्विजयसिंह ठाकुर, राजू रंधावे आदि की विशेष भूमिका रही।




## ज्योतिर्मय मूक बधिर विद्यालय दशहरा मैदान के दिव्यांगों ने किया सूर्य नमस्कार

**बड़वाह, निप्र।** ज्योतिर्मय मूक-बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शासकीय महाविद्यालय के विशाल एवं स्वच्छ खेल मैदान में पहुँचकर स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मबल के प्रतीक सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अनुभवी एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शक श्री दिनेश कैटवॉस , प्रो .रावत जितेंद्र सुराणा के कुशल निर्देशन में अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। प्रात:काल की शीतल वायु और उगते सूर्य की स्वर्णिम किरणों के बीच विद्यार्थियों ने पूर्ण एकाग्रता और समर्पण के साथ सूर्य नमस्कार के सभी चरणों का अभ्यास किया भावना वर्मा ने सांकेतिक भाषा और सरल इशारों के माध्यम से दिए गए निर्देशों का विद्यार्थियों ने अनुशासनपूर्वक पालन किया, जिससे उनकी सजगता, समन्वय और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। इस अवसर पर सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मन में सकारात्मकता, धैर्य और आत्मनियंत्रण भी विकसित होता है। मूक-बधिर विद्यार्थियों की सहभागिता ने यह सिद्ध किया कि संकल्प और सही मार्गदर्शन से कोई भी बाधा उपलब्धि के मार्ग में अवरोध नहीं बन सकती।जन अभियान परिषद द्वारा मूक-बधिर बच्चों के लिए 'स्वदेशी दौड़' का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने दौड़ लगाकर स्वदेशी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। ओर को संसद खेल महोत्सव के उपलक्ष में विजेता छात्र छात्राओं को ट्रॉफ़ी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों के चेहरों पर संतोष और उल्लास की झलक दिखाई दी। यह आयोजन उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरक कदम सिद्ध हुआ तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को सुदृढ़ करने वाला रहा।



## सर्द हवाओं में भी दिखा जोश, जिले में हजारों लोगों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

**खरगोन, निप्र।** स्वामी विवेकानंद की जयंती याने युवा दिवस पर उत्कृष्ट स्कूल मैदान परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार में न केवल स्कूली बच्चों बल्कि विधायक बालकृष्ण पाटीदार, कलेक्टर भव्या मित्तल सहित प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसरों ने शामिल होकर सूर्य नमस्कार की सामुहिक मुद्राएं की। आयोजनों में उत्साह ऐसा था कि सर्द हवाओं को मात देते हुए करीब 1500 से अधिक छात्र, आमजन और प्रशासनिक अधिकारियों ने सहभगिता की। इसके अलावा जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार के आयोजन हुए । जिला स्तर पर मुख्य आयोजित कार्यक्रम में सुबह 8 बजे से लोग उत्कृष्ट स्कूल परिसर में जुटना शुरु हो गए थे।9 बजे स्वामी विवेकानंद जी के ऐतिहासिक उद्बोधन का प्रसारण आकाशवाणी से हुआ। इसके बाद राष्ट्रगीत का गायन हुआ। इसी कड़ी में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का भाषण आकाशवाणी के प्रसारण के जरिए सुना। इसके बाद आकाशवाणी और योग शिक्षको से मिल रहे संकेतों पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अफसरों, स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार के तीन चक्र और अनुलोम विलोम, भस्त्रिका व भ्रामरी प्राणायाम किए। प्रार्थना की मुद्रा, हस्त उत्तानासन, पाद हस्ताश्न, अश्व संचालन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन और प्राणायाम की 12 मुद्राओं एवं अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम को दोहराया गया। सामूहिक नमस्कार के कार्यक्रम में बेहद अनुशासन दिखाई दिया। विधायक पाटीदार ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। उन्होंने सूर्य नमस्कार का महत्व बताते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन सूर्य नमस्कार नियमित रूप से करना चाहिए, इससे शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है।




## युवा दिवस पर पीजी कॉलेज में सूर्य नमस्कार के साथ ही रन फॉर स्वदेशी के लिए लगाई दौड़



**खरगोन, निप्र।** स्वामी विवेकानंद जयंती अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा विभाग, एनएसएस विभाग एवं रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान की अध्यक्षता में हुए। शुरुआत रन फॉर स्वदेशी से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने शहर में दौड़ लगाकर नागरिकों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए जागरूक किया। इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा और जिम्मेदारी के भाव लेकर महाविद्यालय परिसर में श्रमदान करते हुए परिसर की साफ.- सफाई की। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में लगे पेड़.पौधों पर रंग.पेंट कर उन्हें सुंदर स्वरूप दिया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वंदना बर्वे एवं डॉ. ललिता बर्गे ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम डॉ. रविंद्र बर्वे, डॉ. जियालाल अकोले, डॉ. धर्मेंद्र पाटीदार, एनएसएस प्रभारी डॉ. सुरेश अवासे, रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. ओएस मेहता, डॉ संजय कोचक, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. गगन चौधरी महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कसरावद में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम आयोजित



**कसरावद, निप्र।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य मे शा.कन्या उ.मा.वि.कसरावद मे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगीलाल गाडगे,पश्चिमी मंडल अध्यक्ष पवन सिंह राठौर, यशवंत कर्मा, संदीप कुशवाह, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, प्राचार्य हेमेन्द्र वडनेरकर, बी ए सी अजय कर्मा शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राए आदि उपस्थित रहे। छात्राओं ने सूर्य नमस्कार किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नरेन्द्र पाटीदार ने एवं आभार राजेश मालवीय ने किया।

## सांदीपनि विद्यालय में विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम



**बड़वाह, निप्र।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में सोमवार सुबह विकासखंड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार संपन्न हुआ। जिसे स्वामी विवेकानंद जी के जन्म-दिवस 12 जनवरी को प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम अनुविभागीय अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, तहसीलदार शिवराम कनासे, प्राचार्य हंसा कानूड़े, उपप्राचार्य निर्मल चौधरी , विकास खंड शिक्षा अधिकारी रेवाराम वर्मा, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मेवाराम बर्मन ने मां सरस्वती एवं विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण की। जिसके पश्चात सभी ने राष्ट्रीय गीत का गायन किया।जिसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन सुना । अगले क्रम में सूर्य नमस्कार के मुख्य प्रशिक्षकों देवी सिंह चौहान, नीति देशवाली, गौरीशंकर शर्मा ने निर्धारित क्रम से उपस्थित अतिथियों एवं बच्चों को सामूहिक सूर्य नमस्कार की क्रिया करवाई। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन ने बच्चों को कहा कि सभी बच्चे सूर्य नमस्कार को प्रतिदिन स्वयं भी करे और घर के सदस्यों को भी करवाए, जिससे सभी सदस्यों को सूर्य नमस्कार का लाभ मिल सके ।ताकि आपके शरीर में स्फूर्ति बनी रहे।

**एक नजर में** ▶ पिछले 8 दिनों से गंदा पानी पीने को मजबूर रहवासियों में अब बीमारी फैलने लगी है

# मंडलेश्वर में दूषित पानी से बिगड़ी लोगों की तबीयत

नवभारत न्यूज़

**मंडलेश्वर, निप्र।** इंदौर के भागीरथपुरा में हुई दुखद घटना के बाद भी स्थानीय प्रशासन और नगर पंचायत अपनी कुंभकर्णी नींद से जागने को तैयार नहीं हैं। नगर के वार्ड 8 स्थित पटलारा मोहल्ले में प्रशासनिक सुस्ती का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। पिछले 8 दिनों से गंदा पानी पीने को मजबूर रहवासियों में अब बीमारी फैलने लगी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी केवल खानापूर्ति में लगे हैं। हाल ही में एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने नगर में पीने के पानी की जांच के सख्त निर्देश दिए थे। उन्होंने स्वयं कुछ स्थानों पर जाकर निरीक्षण भी किया था, लेकिन उनके इन निर्देशों का असर नगर पंचायत के अमले पर होता नहीं दिख रहा है। सोमवार को पटलारा मोहल्ले में कई लोगों ने पेट दर्द और दस्त की शिकायत की, जिसके बाद हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने के बाद नायब तहसीलदार संजय बावेल, नप सीएमओ संजय रावल, वार्ड 8 के पार्षद नितिन पाटीदार और पूर्व नप अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा मौके पर पहुंचे। राजमणि पटेल सहित मोहल्ले की महिलाओं ने बताया पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से नलों में बदबूदार और दूषित पानी आ रहा है। लेकिन अभी तक किसी ने कोई सुध नहीं ली है। अब मोहल्ले में कई लोगों को पेट दर्द, दस्त और मुंह में छाले होने जैसी शिकायत होने लगी है।





**सीएमओ और पार्षद के बीच हुई तीखी बहस:-** मोहल्ले में दूषित पेयजल वितरण की बात पर पार्षद नितिन पाटीदार और सीएमओ संजय रावल के बीच तीखी बहस हुई। पार्षद पाटीदार ने कहा पाइपलाइन के वॉल्व चैंबर में ही गंदा पानी जमा हो रहा है। जिसको देखने वाला कोई नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसडीएम को दिखाने के लिए बाजार की एक जगह से पानी का सेंपल ले लिया। इस वार्ड से अभी तक सेंपल क्यों नहीं लिया, जिसका जवाब सीएमओ नहीं दे पाए। पाटीदार ने यह भी आरोप लगाया कि दूषित पेयजल को लेकर नगर परिषद की कोई बैठक अभी तक नहीं हुई है। सीएमओ द्वारा पार्षदों को भी कोई जानकारी नहीं दी जाती है।

**इलाज के बिना अपने हाल पर छोड़े गए रहवासी:-** हेमलता बाई पटेल ने बताया उनकी सास जीवन बाई पटेल का कुछ दिनों से पेट दर्द हो रहा है। ऐसे ही नरसिंह पटेल के घर मेहमान आई लक्ष्मीबाई मंडलोई और संजय पटेल ने भी पेट दर्द की शिकायत की। वहीं दौलत बाई पटेल को कुछ दिनों से दस्त हो गए हैं।